
खबरों में रहे स्टॉक


टीडी पावर सिस्टम्स



अमेरिका में गैस टरबाइन के लिए जेनरेटर की आपूर्ति के लिए ऑर्डर मिला

₹ 506.1 पिछला बंद भाव
₹ 508.7 आज का बंद भाव
0.5 % ▲


जीआर इन्फ्राप्रोजेक्ट्स



मध्य प्रदेश में ट्रांसमिशन परियोजना के लिए लगाई सबसे कम बोली

₹ 1,238.2 पिछला बंद भाव
₹ 1,261.2 आज का बंद भाव
1.9 % ▲


आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स



वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 45 प्रतिशत बढ़ा

₹ 44.8 पिछला बंद भाव
₹ 45.4 आज का बंद भाव
1.4 % ▲


एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया



वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के दौरान 56 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज

₹ 8,417.2 पिछला बंद भाव
₹ 8,291.1 आज का बंद भाव
-1.5 % ▼

अमर राजा एनर्जी ऐंड मोबिलिटी



वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 34 प्रतिशत घटा

₹ 957.9 पिछला बंद भाव
₹ 951.9 आज का बंद भाव
-0.6 % ▼

संक्षेप में

बीएसएनएल : 47,000 करोड़ रु व्यय की योजना

बीएसएनएल के नेटवर्क को बढ़ावा देने के लिए सरकार 47,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त पूंजीगत व्यय की योजना लाई है। दूरसंचार विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हवाले से गुरुवार को जानकारी दी, 'बीएसएनएल के लिए हमारे पास करीब 47,000 करोड़ रुपये की एक और पूंजीगत व्यय योजना है। बीएसएनएल ने पिछले वर्ष 25,000 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक व्यय किया है।' बीएसएनएल ने पिछले साल 4जी मोबाइल सेवाओं के लिए एक लाख टावर लगाने पर 25,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे। *भाषा*

वर्सेंट ग्रुप में 75 प्रतिशत हिस्सा लेगी इन्फोसिस

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने ऑस्ट्रेलियाई दूरसंचार कंपनी टेलस्ट्रा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी वर्सेंट ग्रुप में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 1,336 करोड़ रुपये में खरीदने की योजना बनाई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह अधिग्रहण इन्फोसिस और टेलस्ट्रा के बीच रणनीतिक सहयोग का हिस्सा है। इसका मकसद ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों के लिए एआई-सक्षम क्लाउड और डिजिटल समाधान प्रदान करने हेतु एक संयुक्त उद्यम बनाना है। इसमें कहा गया, 'इन्फोसिस, वर्सेंट ग्रुप में 75 प्रतिशत शेयरधारिता का अधिग्रहण करेगी। वर्सेंट ग्रुप ऑस्ट्रेलिया का अग्रणी डिजिटल परिवर्तन समाधान प्रदाता है और टेलस्ट्रा ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है जो क्लाउड एवं डिजिटल परिवर्तन प्रदान करती है।' *भाषा*

यात्री वाहनों की थोक बिक्री घटी

सोहिनी दास
मुंबई, 14 अगस्त

त्योहारी सीजन से ठीक पहले जुलाई में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री में सुस्ती रही और पिछले साल की तुलना में यह 0.2 फीसदी घटकर 3,40,772 वाहन रह गई। डीलरों के पास वाहनों की संख्या ज्यादा बढ़ी हुई थी। इस कारण निर्माताओं को कम वाहन भेजने को मजबूर होना पड़ा। यह लगातार तीसरा महीना है, जब यात्री वाहनों के डीलरों तक डिस्पैच में गिरावट आई है।

जुलाई में यात्री वाहनों का उत्पादन 3,98,071 वाहनों (0.1 फीसदी की वृद्धि) पर स्थिर रहा। इससे जाहिर होता है कि मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) की आपूर्ति खुदरा मांग के अनुरूप हो रही है। यात्री वाहनों में यात्री कारों की थोक बिक्री में 0.5 फीसदी की गिरावट आई जबकि यूटिलिटी वाहनों में 2.4 फीसदी की मामूली वृद्धि हुई।

जुलाई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 0.8 फीसदी की गिरावट आई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि कम पूछताछ और कमजोर ग्राहक धारणा के कारण शहरी मांग धीमी रही। इन्वेंट्री का स्तर करीब 55 दिनों पर बरकरार है। इस वित्त वर्ष की शुरुआत से ही यात्री वाहनों की थोक बिक्री पर दबाव बना हुआ है। अप्रैल में 5.5 फीसदी की वृद्धि के बाद पिछले दो महीनों में इसमें गिरावट आई है।



यात्री कारों की थोक बिक्री में 0.5 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि यूटिलिटी वाहनों में 2.4 फीसदी की मामूली वृद्धि हुई

मई में इसमें 0.8 फीसदी और जून में 6.3 फीसदी की कमी आई। अप्रैल-जुलाई की अवधि में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में 0.7 फीसदी की गिरावट आई।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) के आंकड़ों के अनुसार भारत की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी की जुलाई में बिक्री 1,37,776 वाहनों पर स्थिर रही। इस महीने की शुरुआत में पत्रकारों से बात करते हुए मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (मार्केटिंग एवं सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा था कि वे आगामी त्योहारों को लेकर आशावादी हैं।

शुरुआती संकेत दिखने लगे हैं। जून की तुलना में जुलाई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 10.8 फीसदी की वृद्धि हुई। फाडा ने कहा कि बढ़िया मॉनसून और त्योहारों के उत्साह से अगस्त में मांग में तेजी आएगी। सटीक प्रचार, साझेदारी में वित्तीय व्यवस्था और ग्रामीण-शहरी जुड़ाव में गतिशीलता, मांग को निरंतर खुदरा वृद्धि में बदलने के अहम कारक होंगे।

उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण वृद्धि पिछले वर्ष के 10 फीसदी से घटकर 2-3 फीसदी रह गई है जबकि शहरी बुकिंग में सुधार दिख रहा है। मगर आईटी में नौकरी की चिंता, एआई की अनिश्चितताओं और भूराजनीतिक कारकों से डिलिवरी में देरी हो रही है।

विश्लेषकों ने बताया कि हाल के महीनों में खरीदारों की संख्या और पूछताछ में कमी आई है जिसका आंशिक कारण नौकरी बाजार की अनिश्चितताएं हैं और लोग खरीदारी को अंतिम रूप देने में अधिक समय ले रहे हैं। दूसरी ओर यात्री वाहनों का निर्यात स्थिर रहा और जुलाई में 8.7 फीसदी की वृद्धि हुई।

जुलाई में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में क्रमशः 8.7 फीसदी और 17.5 फीसदी की वृद्धि हुई। दोपहिया वाहनों में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 फीसदी का इजाफा हुआ जबकि मोटरसाइकलों की बिक्री में 4.7 फीसदी की वृद्धि हुई। यात्री तिपहियों की बिक्री में 21.4 फीसदी की वृद्धि हुई जबकि मालवाही तिपहिया बिक्री 10.6 फीसदी बढ़ी। हालांकि ई-रिक्शा की बिक्री में 53 फीसदी की गिरावट आई।

शेयरधारकों ने किया भारी मतदान

नोएल टाटा की नियुक्ति मंजूर

बीएस संवाददाता
मुंबई, 14 अगस्त

टाटा समूह की गैर-सूचीबद्ध होल्डिंग कंपनी टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के शेयरधारकों ने गुरुवार को अपनी 107वीं सालाना आम बैठक में नोएल टाटा और तीन अन्य निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। शेयरधारकों ने भारी बहुमत से इसके पक्ष में मतदान किया।

पिछले साल अक्टूबर में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन बने नोएल टाटा को ट्रस्ट्स द्वारा टाटा संस के बोर्ड में नामित किया गया था और पिछले साल उन्हें अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया था। शेयरधारकों ने वेणु श्रीनिवासन और सौरभ अग्रवाल की दोबारा नियुक्ति को भी मंजूरी दी और उभरते बाजारों के विकास कोष प्रोस्परेट की सह-संस्थापक और सीईओ अनीता मारंगोली जॉर्ज को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया। सभी प्रस्तावों को मंजूरी देने और चेयरमैन एन चंद्रशेखरन द्वारा ऑनलाइन बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करने के बाद शेयरधारकों की यह बैठक 30 मिनट के भीतर समाप्त हो गई।

सालाना आम बैठक में 3 अन्य निदेशकों की नियुक्ति को भी मिली मंजूरी

शेयरधारकों ने लाभांश के भुगतान को मंजूरी दी। बोर्ड ने हर साधारण शेयर पर 64,900 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है, जो पिछले साल के 35,000 रुपये से ज्यादा है। भुगतान की कुल राशि 2,622.91 करोड़ रुपये बैठती है, जिसमें से टाटा ट्रस्ट्स (जो टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी रखता है) को अब अपने परोपकारी कार्यों के लिए 1,731 करोड़ रुपये मिलेंगे। वित्त वर्ष 2024-25 में टाटा संस ने 38,834.58 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो एक साल पहले के 43,893 करोड़ रुपये से कम है, जब परिणामों में निवेश की बिक्री से मिले 9,375.66 करोड़ रुपये का लाभ शामिल था। खर्च 2,776.49 करोड़ रुपये से घटकर 1,945.64 करोड़ रुपये रह गया। कर-पूर्व लाभ 39,813.16 करोड़ रुपये से घटकर 35,440.76 करोड़ रुपये रह गया, जबकि कर-पश्चात लाभ 34,653.98 करोड़ रुपये से घटकर 26,231.74 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने साल के दौरान सभी उधारी चुका दीं और मार्च में समाप्त होने वाले वर्ष में शुद्ध नकदी 7,117.43 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले यह 2,679.19 करोड़ रुपये थी।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने टाटा संस को इस साल सितंबर तक एनबीएफसी अपर लेयर के रूप में वर्गीकृत करने के बाद अपने शेयरों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा था। लेकिन अपना पूरा कर्ज़ चुकाने के बाद टाटा संस ने आरबीआई से अनुरोध किया कि उसे एनबीएफसी अपर लेयर के रूप में वर्गीकृत न किया जाए ताकि वह निजी बनी रहे। टाटा का आवेदन फिलहाल आरबीआई के पास लंबित है। यह बैठक टाटा संस और शापूरजी पलोनजी समूह (टाटा संस में 18.4 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले) के बीच संभावित निकासी के लिए शांति वार्ता की पृष्ठभूमि में हुई। अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। समूह के सूत्रों के अनुसार अगले महीने की शुरुआत में अजय पीरामल और राल्फ स्पेथ की सेवानिवृत्ति के साथ निकट भविष्य में दो नए निदेशकों को शामिल किया जाएगा।

बीएमडब्ल्यू के वाहन 1 सितंबर से होंगे महंगे

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने 1 सितंबर 2025 से अपने सभी वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने विदेशी विनिमय दर में जारी उतार-चढ़ाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए यह बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। *भाषा*

वी का घाटा बढ़ा, राजस्व सुधरा

बीएस संवाददाता और भाषा
चेन्नई/नई दिल्ली, 14 अगस्त

जून 2025 में समाप्त तिमाही में वोडाफोन आइडिया (वी) का घाटा सालाना आधार पर 6,432 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,608 करोड़ रुपये हो गया, लेकिन मार्च तिमाही के 7,166 करोड़ रुपये की तुलना में घटा है।

जून तिमाही में कंपनी का राजस्व एक साल पहले के मुकाबले करीब 5 फीसदी बढ़कर 11,164 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की जून तिमाही में 10,764 करोड़ रुपये था।

एबिटा 4,612 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान तिमाही के 4,204 करोड़ रुपये की तुलना में 9.7 फीसदी अधिक है। हालांकि दूरसंचार कंपनी की फाइनैंस लागत बढ़कर 5,928 करोड़ रुपये हो गई, जो पूर्ववर्ती वर्ष की समान तिमाही के 5,519 करोड़ रुपये की तुलना में 6.7 फीसदी की वृद्धि है। दूरसंचार सेवा प्रदाता के लिए प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) समान अवधि में बढ़कर 165 रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 146 रुपये के मुकाबले 13 फीसदी और मार्च तिमाही के 164 रुपये से भी थोड़ा अधिक है। इस वृद्धि में शुल्कों में बदलाव और ग्राहक अपग्रेड का योगदान रहा। वृद्धि के बावजूद, वी का एआरपीयू उसके प्रतिस्पर्धियों में सबसे कम बना हुआ है।

इंडियन ऑयल का लाभ हुआ दोगुना

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 5,688.6 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। विपणन मार्जिन बेहतर होने से कंपनी के लाभ में बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में इंडियन ऑयल ने 2,643.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अप्रैल-जून, 2025 की तिमाही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल एवं डीजल की मानक कीमतें गिरने के बावजूद घरेलू खुदरा कीमतें स्थिर रखने से विपणन मार्जिन बढ़ा, जिससे लाभ में यह तेजी आई।

आईओसी के मुताबिक, उसके लाभ में वृद्धि ऐसे समय हुई है जब उसे मौजूदा स्टॉक पर नुकसान, रिफाइनिंग मार्जिन में गिरावट और एलपीजी सब्सिडी की अदायगी न होने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पिछली तिमाही में कंपनी के विपणन खंड का कर पूर्व लाभ 9,137.96 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पहले की समान तिमाही में 4,299.96 करोड़ रुपये था। इस अवधि में कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) 2.15 डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि पिछले साल यह 6.39 डॉलर था। स्टॉक पर हुए नुकसान को समायोजित करने के बाद मुख्य जीआरएम 6.91 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया।

हिंदुस्तान कॉपर का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़ा

सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान कॉपर का अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 134.28 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में मुनाफा 113.40 करोड़ रुपये रहा था। हिंदुस्तान कॉपर ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 526.65 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 500.44 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय सालाना आधार पर 346.32 करोड़ रुपये से बढ़कर 347.29 करोड़ रुपये हो गया। जून, 2025 को समाप्त तिमाही के एकीकृत वित्तीय परिणामों में अनुषंगी कंपनी छत्तीसगढ़ कॉपर लिमिटेड (सीसीएल) और संयुक्त उद्यम कंपनी खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (केएबीआईएल) के नतीजे शामिल हैं। खान मंत्रालय के तहत आने वाली हिंदुस्तान कॉपर के पास देश में तांबा अयस्क के लिए सभी संचालित खनन पट्टे हैं।

मुथूट फिनकॉर्प का शुद्ध लाभ 34% लुढ़का

138 साल पुराने मुथूट पप्पाचन समूह (मुथूट ब्लू) की प्रमुख कंपनी मुथूट फिनकॉर्प का शुद्ध लाभ साल 2025-26 की पहली तिमाही में 34 प्रतिशत घटकर 200.54 करोड़ रुपये रह गया, जबकि साल 2024-25 की अप्रैल से जून तिमाही के दौरान यह 303.51 करोड़ रुपये था। दूसरी तरफ उसका राजस्व 12.83 प्रतिशत बढ़कर 2,260.41 करोड़ रुपये हो गया।

प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 51,867 करोड़ रुपये रहीं जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही की तुलना में 31.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। वितरित राशि 30,198 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही से 53.69 प्रतिशत अधिक रही। कंपनी ने एकल आधार पर पहली तिमाही के दौरान 1,574 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के 1,244 करोड़ रुपये के मुकाबले 26.47 प्रतिशत की वृद्धि है।

कॉग्निजेंट 1 नवंबर से बढ़ाएगी वेतन

अभीक दास
बेंगलूरु, 14 अगस्त

आईटी सेवा क्षेत्र की कंपनी कॉग्निजेंट ने कहा है कि वह 1 नवंबर से अपने ज्यादातर कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी करेगी। इसके साथ ही वह अनिश्चितता समाप्त हो जाएगी जो नैस्डैक में सूचीबद्ध इस कंपनी द्वारा इस महीने की शुरुआत में व्यापक आर्थिक चुनौतियों की वजह से वेतन वृद्धि रोके जाने से हुई थी।

कंपनी ने मार्च में इस बात का आश्वासन दिया था कि अगस्त से वेतन वृद्धि लागू होगी। पिछले साल कॉग्निजेंट ने 1 से 5 प्रतिशत के दायरे में वेतन वृद्धि की थी। कंपनी ने अब कहा है कि उसके 80 प्रतिशत पात्र कर्मचारियों को वेतन वृद्धि दी जाएगी, जो सभी आईटी कंपनियों द्वारा अपनाई गई नीतियों के अनुरूप है, जहां बाकी कर्मचारियों को कारोबारी इकाई और कंपनी के प्रदर्शन के आधार पर वेतन वृद्धि दी जाती है। इस 20 प्रतिशत हिस्से में आम तौर पर वरिष्ठ और सी-सूट वाले अधिकारी होते हैं। कॉग्निजेंट ने बयान में कहा, 'यह दूसरी तिमाही के नतीजों के दौरान की गई उसकी घोषणा के अनुरूप है कि वह साल 2025 की दूसरी छमाही के दौरान ज्यादातर कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर वेतन वृद्धि की योजना बना रही है।'

यह बढ़ोतरी वरिष्ठ सहयोगी स्तर तक और उसमें शामिल कर्मचारियों तक की जाएगी। बढ़ोतरी की राशि व्यक्तिगत प्रदर्शन के स्तर और देश के आधार पर अलग-अलग होगी। भारत में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वालों के लिए वेतन वृद्धि एक अंक में ऊंचे स्तर पर होगी। कार्यस्थल वाले कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि की राशि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

कॉग्निजेंट ने दूसरी तिमाही के दौरान 7,500 लोगों को जोड़ा और 30 जून तक उसके कर्मचारियों की संख्या 3,43,800 हो गई क्योंकि कंपनी ने देश के कॉलेजों से नए इंजीनियरिंग स्नातकों को नियुक्त किया। वह आम तौर पर मार्च में वेतन वृद्धि और बोनस देती है लेकिन जब से रवि कुमार मुख्य कार्य अधिकारी बने हैं, बोनस मार्च के लिए ही रखा गया है जबकि वेतन वृद्धि अगस्त तक के लिए टाल दी गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजमर्रा के उत्पादों की खपत 8.4 प्रतिशत बढ़ी: नील्सन

देश के ग्रामीण क्षेत्र ने रोजमर्रा की खपत वाले उत्पादों (एफएमसीजी) के मामले में जून तिमाही के दौरान 8.4 प्रतिशत की मात्रा वृद्धि के साथ एक बार फिर शहरी क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया। नील्सन आईक्यू ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नील्सन आईक्यू ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्रों में एफएमसीजी बिक्री 4.6 प्रतिशत रही। यह लगातार छठी तिमाही है जब ग्रामीण खपत शहरी क्षेत्र से अधिक रही है। हालांकि शहरी क्षेत्रों में सुधार के संकेत से दोनों के बीच फासला कम हो रहा है। मूल्य के लिहाज से जून तिमाही में देश के एफएमसीजी उद्योग में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो ग्रामीण मांग और शहरी सुधार दोनों से प्रेरित रही। *भाषा*

अशोक लीलैंड का लाभ 19% बढ़ा

वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र की दिग्गज अशोक लीलैंड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और यह बढ़कर 657.72 करोड़ रुपये हो गया है जबकि साल 2024-25 की अप्रैल से जून तिमाही के दौरान यह 550.65 करोड़ रुपये था। कंपनी ने गुरुवार को कहा कि अब तक के सर्वाधिक तिमाही वाणिज्यिक वाहन वॉल्यूम, बाजार में प्रभावी क्रियान्वयन और लागत के बड़े प्रबंधन की वजह से ऐसा हुआ।

समीक्षाधीन अवधि में इसका परिचालन राजस्व 11,708.54 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 25 में इसी तिमाही के 10,696.8 करोड़ रुपये की तुलना में 9.5 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कंपनी का कुल खर्च भी 9.3 प्रतिशत बढ़कर 10,920.53 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह खर्च 9,994.97 करोड़ रुपये था।

कंपनी के निदेशक मंडल ने गुरुवार को अपनी ई-मोबिलिटी ऐज़ ए सर्विस (ईमास) की सहायक कंपनी ओह्म ग्लोबल मोबिलिटी में करीब 300 करोड़ रुपये के निवेश तथा बस बॉडी और कोच निर्माण इकाई विश्व बसेस ऐंड कोचेस (वीबीसीएल) में 5.7 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी।

COCHIN INTERNATIONAL AIRPORT LIMITED

TENDER NOTICE 15.08.2025

Online sealed item rate e-tenders are invited from reputed contractors for the work mentioned below at Cochin International Airport, Nedumbassery.

Name of Work	Estimated Amount (Rs)	EMD (Rs)	Period of Contract
Civil works for the replacement of Instrument Landing System (ILS for Runway 27) and associated grading works at Runway strip	12.14 Crores	20,00,000/-	08 months

Interested agencies may register themselves on the online E-Tendering portal **https://etenders.kerala.gov.in** and download the tender documents. For more details, visit our website: **www.cial.aero** Sd/- Managing Director

पशु आहार संयंत्र, नदबई (भरतपुर) राजस्थान

RCDF/CFPNAD/F.( )/2025-26/4156 - 60 Date :- 18/08/2025

निविदा सूचना

कैटल फीड प्लान्ट नदबई पर निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती है –

क्र. सं.	निविदा का नाम	अनुमानित लागत	निविदा का माध्यम	यूबीएन नम्बर
1.	श्रमिक कार्य – लोडिंग, अनलोडिंग, डम्पिंग इत्यादि श्रम कार्य।	150 लाख	ऑनलाईन	CDF2526 SLRC00686
2.	Plant Spare Parts – Supply of Bearing, Electrical & General Item	25 लाख	ऑनलाईन	CDF2526 GLRC00688
3	Plant Spare Parts – Cattle Feed Machinery Spare Parts & Hardware Item	35 लाख	ऑनलाईन	CDF2526 GLRC00687
4	750 KVA DG Set spare parts Supply Tender	5 लाख	ऑफलाईन	CDF2526 GSRC00689

निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचनायें, निविदा प्रपत्र मय शर्तो के विभाग की बेबसाईट **www.sarasmilkfed.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी व डाउनलोड जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/8229 प्रबन्धक, सीएफपी नदबई

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

केन्द्रीय कार्यालय: चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021, दूरभाष: 022-66387891, वेबसाइट: www.centralbankofindia.co.in

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्रीय कार्यालय/आंचलिक कार्यालय तथा केन्द्रीय कार्यालय के विभिन्न विभागों में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वेतनमान I, II, III तथा IV के सेवानिवृत्त अधिकारियों का सलाहकार के रूप में अनुबंध आधार पर सूचीबद्धीकरण

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक, जिसकी 4,500 से अधिक शाखाओं के अखिल भारतीय नेटवर्क के साथ ₹7,02,000 करोड़ से अधिक का कुल व्यवसाय है और जो 33,000 से अधिक कर्मचारियों की एक प्रतिबद्ध टीम द्वारा संचालित है, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्षेत्रीय कार्यालय / आंचलिक कार्यालय तथा केन्द्रीय कार्यालय में विभिन्न विभागों में सलाहकार के रूप में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अनुभवी/पात्र वेतनमान I, II, III तथा IV के सेवानिवृत्त अधिकारियों को अनुबंध आधार पर सूचीबद्ध करना चाहता है.

ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 16.08.2025 (शनिवार) है.

प्रतिभागियों से अनुरोध है कि अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट https://www.centralbankofindia.co.in देखें.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 15.08.2025 मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.)

AU SMALL FINANCE BANK

Registered Office: 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001. **www.aubank.in**

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **22 AUGUST 2025** between **11:00 AM – 3:00 PM** (Time) at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink - https://gold.samil.in)

CHANDIGARH-SECTOR 9C - 24660002736688 | **Muktsar** - L9001090142392177 L9001090142369419 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
AU Small Finance Bank Limited

KINETIC TRUST LIMITED
Registred Office: 527R, 2nd Floor, City Tower, Ludhiana, Punjab
Corporate Office: 1406, 16 Vikram Tower, Rajendra Place, New Delhi-110008
EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30th JUNE, 2025

Sl.	PARTICULARS	For the QUARTER ENDED As On 30.06.2025	Corresponding 3 Months ended in the previous Year as on 30.06.2024	Previous Year Ending 31.03.2025
		Unaudited	Unaudited	Audited
1	Total Income from Operations (net)	27.99	-	118.24
2	Net Profit / (Loss) For the period before tax (beforeExtraordionary items)	7.89	3.58	24.45
3	Net Profit / (Loss) For the period before tax (afterExtraordionary items)	7.89	3.58	24.45
4	Net Profit / (Loss) For the period after tax (afterExtraordionary items)	6.09	3.58	18.21
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit / (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	6.09	3.58	18.21
6	Equity share capital @ Rs. 10/- each	336.0	336.0	336.0
7	Reserve (excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year)	-	-	-
8	Earnings Per Share (of Rs. 10 each) (before extraordinaryitems)			
	Basic :	0.18	0.11	0.54
	Diluted :	0.18	0.11	0.54

Notes :
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the BSE under regulation 33 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the Stock Exchange Website.
2. Corresponding figure of previous Period have been recast/regrouped whenever considered necessary to correspond to current period classification.
3.Status of Investor complaints during the quarter Opening Nil, Received-Nil and Balance-Nil.
4. The above results were taken on record by the Board of Directors in their meeting held on Tuesday the 11th August 2025.
5. Impact of Net Profit/Loss, total Comprehensive income or any other relevant items due to changes in accounting policies - Nil.
6. Exceptional and or Extra Ordinary Items adjusted in the statement of Profit and Loss in accordance with accounting Standard -Nil.

FOR KINETIC TRUST LIMITED
Sd/-
Rajesh Arora
Director

Date: 11th August 2025
Place: New Delhi

चंडीगढ़ संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं